तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 26 अगस्त 2026

11
खरौद के लक्ष्मणेश्वर मंदिर में उमड़ी भारी भीड़





## खबर संक्षेप

### पुलिस ने पकड़ा फरार सात वारंटी

**भाटापारा।** पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में लंबे समय से फरार वारंटियों की धरपकड़ हेतु 7 दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने जांजगीर, बिलासपुर, रायपुर, मंदिर हसौद, महासमुंद एवं कोरबा सहित विभिन्न जिलों में वारंटियों के संभावित ठिकानों पर ताबड़तोड़ दबिश दी। इस विशेष अभियान में भाटापारा शहर थानाअव्वल रहा। इस पूरे अभियान के दौरान थाना भाटापारा शहर पुलिस ने प्रशंसनीय प्रदर्शन किया। भाटापारा शहर पुलिस की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए अकेले ही 18 स्थाई वारंट तामील कराए, जो इस अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने अभियान में शामिल सभी थाना/चौकी प्रभारियों एवं पुलिस टीमों के सराहनीय कार्य की प्रशंसा की है और स्पष्ट किया है कि, असामाजिक तत्वों एवं कानून से भाग रहे अपराधियों के खिलाफ यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### दूध की कीमत बढ़ाने यादवों की एक दिवसीय हड़ताल कल



**सिमगा।** नगर के दुग्ध संघ के सदस्यों ने बताया कि दुग्ध उत्पादक व्यापारी संघ तहसील सिमगा द्वारा जानवर एवं दुधारू पशु आहार और अन्य चीजों के बढ़ती महंगाई को देखते हुए दुध की दरों में वृद्धि कर गाय का दूध 60 रुपए एवं भैंस का दूध 70 रूपए प्रति लीटर रखने की सहमति व्यक्त की है। इसके लिए दुग्ध संघ सिमगा द्वारा सांकेतिक रूप से 27 अगस्त दिन गुरुवार को दुग्ध बिक्री पूर्णतः बंद रखेगी। इसके लिए संघ ने सिमगा में एक दिवसीय हड़ताल हेतु एसडीएम अतुल शेटे को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने वालों में कान्हा यदु, राम गुलाल यदु, ईश्वर यदु, प्रेम यदु, संतोष यदु, राकेश यदु, राजू यदु, धन्नू यदु, खिलेश्वर यदु सहित सैंकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

### अधूरे और अपूर्ण आवासों पर प्रशासन की सख्ती

**बलौदाबाजार।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक आवास निर्माण के लिए शासन से राशि प्राप्त करने के बावजूद कुछ हितग्राहियों द्वारा आवास निर्माण में रूचि नहीं ली जा रही है। बार-बार समझाइश के बाद ऐसे हितग्राही जो अब तक आवास निर्माण प्रारंभ नहीं किये हैं तथा जिनके आवास निर्माण कार्य अधूरे हैं, उन पर प्रशासन सख्त कदम उठाने जा रहा है। जानकारी के अनुसार जिले में इस श्रेणी के कुल 872 हितग्राहियों के विरुद्ध राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के पालन में धारा 92 के तहत राशि वसूली का प्रकरण दर्ज किया जाएगा। इनमें विकासखंड बलौदाबाजार के 275, भाटापारा के 109, सिमगा 57, कसडोल के 298 एवं पलारी के143 हितग्राही शामिल हैं। शासन द्वारा आवास निर्माण के लिए राशि जारी किए जाने के बाद भी आवास निर्माण प्रारंभ नहीं करना अथवा निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करना गंभीर विषय है। ऐसे हितग्राहियों से नियमानुसार शासकीय राशि की वसूली की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई की राज्य कार्यालय तथा संभाग स्तरीय आयुक्त द्वारा भी समीक्षा की जा रही है। प्रशासन का उद्देश्य शासकीय राशि की वसूली के साथ-साथ लंबे समय से लंबित आवासों को पूर्ण कराना भी है। प्रशासन ने ऐसे सभी हितग्राहियों से अपील की है कि वे अपने आवास निर्माण को शीघ्र पूर्ण करें तथा शासन द्वारा दी गई राशि का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के लिए करें। अधूरे एवं निर्माण प्रारंभ नहीं किए गए आवासों के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# हादसे में घायलों की जान बचाने वाले पांच राहवीर सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की तत्काल मदद कर उनकी जान बचाने वाले पांच राहवीरों को जिला प्रशासन एवं बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने सम्मानित किया। मंगलवार को संयुक्त कार्यालय बलौदाबाजार में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने राहवीरों को प्रशस्ति पत्र एवं 25-25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर उनके मानवीय कार्य की सराहना की।

कार्यक्रम में अधिकारियों ने कहा कि सड़क हादसे के तुरंत बाद घायल व्यक्ति की मदद के लिए आगे आना अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। समय पर अस्पताल पहुंचने से घायल की जान बचने की संभावना काफी बढ़ जाती है। ऐसे समय में लोग अक्सर कानूनी प्रक्रिया या पुलिस पूछताछ के डर से मदद करने से पीछे हट जाते हैं, जबकि राहवीर योजना मददगार नागरिकों का मनोबल बढ़ाने का कार्य कर रही है।पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने कहा कि दुर्घटना में घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाना अत्यंत पुण्य एवं अनुकरणीय कार्य है। पांचों राहवीरों का साहस और संवेदनशीलता पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में पीड़ित की मदद करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है।

## कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक को दिए 25-25 हजार रुपए, प्रशस्ति पत्र से बढ़ाया हौसला

### प्रशासन देगा प्रोत्साहन

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से अपील की कि सड़क दुर्घटना होने पर बिना भय के तत्काल घायलों की सहायता करें और उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाने में सहयोग करें। प्रशासन एवं पुलिस ने ऐसे मानवीय कार्य करने वाले नागरिकों को हरसंभव प्रोत्साहन देने की बात कही।




### हादसों के घायलों की बचाई जान

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की राहवीर योजना के तहत दुर्घटना के बाद गोल्डन आवर में घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने में योगदान देने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित किया जाता है। इसी क्रम में सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों की मदद करने वाले विष्णु साहू निवासी कसडोल, पुनीत राम निवासी सिमगा, परदेशी राम सोनकर निवासी सिमगा, मनीष निषाद निवासी सिमगा और लोकेश साहू निवासी हथबंद को सम्मानित किया गया।

## विरोध : सड़क मरम्मत की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

# सड़क की बदहाली के खिलाफ कांग्रेस का आंदोलन, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

क्षेत्र की बदहाल सड़कों, जगह-जगह बने जानलेवा गड्ढों और भारी वाहनों की आवाजाही को लेकर मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुहेला के नेतृत्व में तिगड्डा चौक पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में आम नागरिक भी शामिल हुए। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सड़क की बदहाली दूर करने की मांग की गई।

प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमिता लहरे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भानुप्रताप वर्मा, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बुनेश्वर वर्मा एवं मंडल अध्यक्ष गजेंद्र वर्मा ने प्रमुख रूप से नेतृत्व किया।

सुमित्रा धृतलहरे, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि सुहेला क्षेत्र की सड़कें लंबे समय से बदहाल हैं और आम जनता को रोजाना परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि सड़क जैसी बुनियादी सुविधा की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और मांग पूरी होने तक कांग्रेस जनता के साथ खड़ी रहेगी। भानुप्रताप वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि सड़कों के गड्ढे दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं और भारी वाहनों की आवाजाही से स्थिति लगातार बिगड़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन सात दिन के भीतर ठोस कार्रवाई करे, अन्यथा कांग्रेस अनिश्चितकालीन आंदोलन और चक्काजाम के लिए बाध्य होगी। भूनेश्वर वर्मा, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस ▶▶ शेष पेज 10 पर

## सात दिन में कार्रवाई नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरना और चक्काजाम की चेतावनी



### ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की मांग

धरने में संयंत्रों में आने-जाने वाले भारी एवं ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की मांग भी उठाई गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से सड़कें तेजी से खराब हो रही हैं। ऐसे वाहनों की जांच कर ओवरलोड पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

### नाला पुल की बदहाली पर भी उठी आवाज

प्रदर्शनकारियों ने जमुनइय नाला पुल की जर्जर स्थिति को लेकर भी तत्काल कार्रवाई की मांग की। लोगों का कहना था कि पुल की स्थिति बेहद खराब है और किसी बड़े हादसे से पहले इसका स्थायी निर्माण जरूरी है। फिलहाल पुल को गिट्टी डालकर आवागमन योग्य बनाने तथा बारिश समाप्त होने के बाद पुल निर्माण को प्राथमिकता देने की मांग की गई।

# फर्जी ट्रांसफर मामले में भाजपा के दो नेताओं पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्वास्थ्य विभाग में फर्जी स्थानांतरण आदेश तैयार कर सरकारी कर्मचारी का मनचाहा तबादला कराने के मामले में पुलिस कार्रवाई के बाद अब भाजपा संगठन ने भी कड़ा रुख अपनाया है। भाजपा प्रदेश कार्यालय ने जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी और जिला उपाध्यक्ष पुनीराम पटेल को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। दोनों के खिलाफ यह कार्रवाई पार्टी की छवि धूमिल करने वाली गतिविधियों और अनुशासनहीनता के आरोपों के चलते की गई है। वहीं, मामले में पुलिस अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

- छह साल के लिए निष्कासन बाद अब छह आरोपियों पर पुलिस जांच तेज

मामला रोहांसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ ग्रामीण चिकित्सा सहायक (आरएमए) करण कुमार देवांगन के कथित फर्जी स्थानांतरण आदेश से जुड़ा है। करण ने 17 अगस्त को बीएमओ, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी के समक्ष एक आदेश प्रस्तुत किया था, जिसमें उसे रोहांसी से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोपर, विकासखंड भाटापारा स्थानांतरित किए जाने का उल्लेख था। कथित आदेश में सीएमएचओ कार्यालय का आदेश क्रमांक और 14 अगस्त की तारीख दर्ज थी। ▶▶ शेष पेज 10 पर

### सीएमएचओ कार्यालय ने आदेश को बताया फर्जी

कथित आदेश की सत्यता को लेकर संदेह होने पर बीएमओ कार्यालय ने सीएमएचओ कार्यालय से पुष्टि कराई। वहां से स्पष्ट किया गया कि ऐसा कोई स्थानांतरण आदेश जारी नहीं किया गया है। कथित आदेश पर किए गए हस्ताक्षर भी सीएमएचओ के नहीं पाए गए। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि संबंधित कर्मचारी राज्य संवर्ग का है और उसके स्थानांतरण का अधिकार राज्य शासन के पास है। इसके बाद बीएमओ की शिकायत पर पलारी थाने में मामला दर्ज कराया गया। पुलिस ने अधिकारियों के बयान, दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों की जांच के बाद भारतीय न्याय संहिता की धारा 3(5), 318(4), 336(3), 337, 338 और 340(2) के तहत अपराध दर्ज किया। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने कथित तौर पर फर्जी हस्ताक्षर और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उसे वास्तविक सरकारी आदेश के रूप में प्रस्तुत किया।

# सात दिन के विशेष अभियान में 67 वारंटी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

लंबे समय से फरार वारंटियों की धरपकड़ और कानून-व्यवस्था मजबूत करने के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने सात दिवसीय विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में 17 से 24 अगस्त तक चले अभियान में पुलिस ने 50 स्थाई वारंट और 17 गिरफ्तारी वारंट तामील करते हुए कुल 67 वारंटियों को गिरफ्तार किया।

- 14 साल से फरार आरोपी भी पकड़ा गया, भाटापारा शहर पुलिस ने सबसे ज्यादा 18 स्थाई वारंट तामील किए

पुलिस टीमों ने वारंटियों की तलाश में जिले के अलावा रायपुर, बिलासपुर, जांजगीर, कोरबा, महासमुंद, मंदिर हसौद सहित विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। पकड़े गए वारंटियों के खिलाफ चेक बाउंस, आबकारी, नारकोटिक्स, चोरी, मारपीट सहित विभिन्न अपराधों के मामले दर्ज थे और वे लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहे थे।





### 4 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

अभियान के दौरान पुलिस को एक बड़ी सफलता उस समय मिली, जब वर्ष 2012 से फरार स्थाई वारंटी को पुलिस टीम ने अंतरजिला दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी करीब 14 वर्षों से पुलिस को चकमा देकर अलग-अलग स्थानों पर छिपकर रह रहा था। पुलिस ने उसकी पतासाजी कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्रवाई की।

### भाटापारा शहर थाना रहा अव्वल

सात दिवसीय अभियान में थाना भाटापारा शहर पुलिस का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा। पुलिस टीम ने अकेले ही 18 स्थाई वारंट तामील कराए। पुलिस के अनुसार यह पूरे अभियान में किसी एक थाने द्वारा किए गए स्थाई वारंट तामीली की सर्वाधिक संख्या रही। पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने अभियान में शामिल सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों तथा पुलिस टीमों के कार्य की सराहना की।

# सट्टा-पट्टी लिखते युवक गिरफ्तार 1020 रुपए और मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने और आम नागरिकों की शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के लिए जिला पुलिस द्वारा शुरू की गई 'दृष्टि हेल्पलाइन' के माध्यम से पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। हेल्पलाइन में मिली सूचना के आधार पर सिटी कोतवाली पुलिस ने सट्टा-पट्टी लिखने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है।



पुलिस के अनुसार 24 अगस्त को दृष्टि हेल्पलाइन में सट्टा-पट्टी लिखे जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम ने सोनपुरी रोड बलौदाबाजार में घेराबंदी कर कार्रवाई की। इस दौरान मोबाइल के माध्यम से सट्टा-पट्टी लिखते हुए दीपक कोठारी 28 निवासी ग्राम सोनपुरी, थाना सिटी कोतवाली को रंगे हाथों पकड़ा गया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1020 रुपए नकद और सट्टा-पट्टी का हिसाब लिखा हुआ एक मोबाइल फोन जब्त किया। आरोपी के खिलाफ थाना सिटी कोतवाली में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है। मामले की विवेचना जारी है।

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में जिले में आपराधिक गतिविधियों ▶▶ शेष पेज 10 पर

# ओवरलोड व लिफ्टर उठाकर चलने वाले 15 भारी वाहनों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जिला पुलिस ने भारी वाहनों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देश पर थाना सुहेला पुलिस ने 25 अगस्त को सुहेला-बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर कार्रवाई करते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 15 भारी वाहनों पर चालानी कार्रवाई की।

पुलिस ने वाहन चालकों को भविष्य में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत भी दी। पुलिस के अनुसार ओवरलोड एवं लिफ्टर उठाकर चलने वाले भारी वाहन सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बन सकते हैं। ऐसे वाहनों के कारण न केवल वाहन चालकों, बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों की जान भी खतरे में पड़ती है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने कहा कि ओवरलोड वाहन तथा लिफ्टर उठाकर चलने ▶▶ शेष पेज 10 पर



### 30 हजार का समन शुल्क वसूला

चेकिंग के दौरान 22 चक्का एवं 18 चक्का वाले ट्रक-ट्रेलरों की जांच की गई। इसमें ओवरलोड परिवहन, लिफ्टर उठाकर वाहन चलाने, अमानक एवं तेज आवाज वाले प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन पाए गए। पुलिस ने संबंधित वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 30 हजार रुपए समन शुल्क वसूल किया।

## हादसे को न्योता दे रहा जर्जर ढांचा

# रामवन गमन पथ का स्वागत द्वार अधर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में रामवन गमन पथ मार्ग पर बनाया जा रहा स्वागत द्वार पिछले कई वर्षों से अधूरा पड़ा है। निर्माण कार्य पूरा नहीं होने और लंबे समय से रखरखाव के अभाव में अब यह स्वागत द्वार जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंच चुका है। आलम यह है कि स्वागत द्वार में लगाए गए पत्थर और अन्य निर्माण सामग्री अब राहगीरों के लिए खतरा बनते नजर आ रहे हैं।



राम वन गमन पथ से जुड़ा यह मार्ग धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जाता है। शिवरीनारायण में देश-प्रदेश से श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे महत्वपूर्ण मार्ग पर वर्षों से स्वागत द्वार का अधूरा पड़ा रहना जिम्मेदार विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्वागत द्वार का निर्माण जल्द पूरा कराने के साथ-साथ जर्जर हिस्सों की तत्काल मरम्मत कराई जानी चाहिए, ताकि किसी अप्रिय घटना को टाला जा सके।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर वर्षों से अधूरा पड़ा यह स्वागत द्वार कब पूरा होगा? क्या जिम्मेदार अधिकारी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं लोगों की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन को तत्काल मौके का निरीक्षण कर आवश्यक ▶▶ शेष पेज 10 पर

### कब गिरेगा पत्थर, बनी हुई है चिंता

स्वागत द्वार के अधूरे निर्माण के कारण सड़क का हिस्सा भी संकरा हो गया है। प्रतिदिन इस मार्ग से बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहन और पैदल राहगीरों का आवागमन होता है। ऐसे में सड़क पर आवागमन के दौरान लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं स्वागत द्वार की मौजूदा स्थिति को देखते हुए कभी भी पत्थर या निर्माण का कोई हिस्सा नीचे गिरने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक स्वागत द्वार काफी समय से अधूरा पड़ा है। समय बीतने के साथ इसकी स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। यदि किसी समय स्वागत द्वार का पत्थर या कोई भारी हिस्सा अचानक नीचे गिर गया, तो राहगीरों की जान पर बन सकती है। खासकर व्यस्त समय में यहां बड़ा हादसा होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

## खबर संक्षेप

### तुषार को बिच्छू ने मारा डंक, जिला अस्पताल में उपचार जारी

**महासमुंद**। भाजपा नेता अशवंत तुषार साहू को सोमवार रात बिच्छू ने डंक मार दिया। तत्काल उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों के अनुसार, समय पर इलाज मिलने के कारण भाजपा नेता की स्थिति अब खतरे से बाहर और पूरी तरह स्थिर है।

### साइबर सुरक्षा के लिए हजारों बच्चों का पढ़ाई, लाखों रुपए बर्बाद: कोकड़िया

**महासमुंद**। साईबर सुरक्षा प्रशिक्षण के नाम पर हजारों शिक्षकों और बच्चों की पढ़ाई बर्बाद करते हुए शिक्षकों की जान बरसते पानी में जोखिम में डाली गई। साईबर सुरक्षा प्रशिक्षण के गुणवत्ता के बारे में शिक्षक गेंदलाल कोकडिया ने कहा कि महज 1 घंटे के प्रशिक्षण के लिए शिक्षकों को जिला मुख्यालय बुलाना अव्यवहारिक है, उस वक्त जब बारिश का मौसम है, और तुमगांव सहित अन्य जगहों पर बड़ी दुर्घटना घटी है। कोकड़िया का कहना है कि बच्चों और शिक्षकों का समय बर्बाद किया गया, जो जानकारी साईबर सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा बताया गया, वो सारी जानकारियां शिक्षकों के पास है। टीवी, मोबाईल में आये दिन विज्ञापन आते रहते हैं। य

### 10 दिन के बच्चे का पुलिस ने किया रेस्क्यू

**रायपुर**। मंदिर हसौद थाने की पुलिस ने सोमवार तड़के पौने सात बजे मोनेट रोड स्थित माता मंदिर के पास 10 दिन के नवजात शिशु को लावारिस हालत में रेस्क्यू कर उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया है। नवजात शिशु को लावारिस अवस्था में देखकर पुलिस टीम ने मानवीय संवेदनशीलता एवं तत्परता का परिचय देते हुए तत्काल उसे सुरक्षित अपने वाहन से मंदिर हसौद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। इस कार्रवाई में मंदिर हसौद टाइगर वन के पुलिसकर्मी आर. राजेश यादव एवं चालक टिकेंद्र साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# रक्षाबंधन पर्व के लिए शहर के बाजार में सजी राखी की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

रक्षाबंधन का त्यौहार भाई को अपनी बहन के प्रति कर्तव्य की याद दिलाता है। रक्षा बंधन पर्व के लिए अब महज एक दिन ही शेष है। 28 अगस्त शुक्रवार को बहने अपने भाईयों की कलाई पर प्रेम व उत्साह के साथ राखी बांधेगी और भाई अपनी बहन की रक्षा का उत्तरदायित्व पूरा करने का वचन देगा। कहते हैं इस रक्षा सूत्र का संबंध अटुट होता है, जब तक जीवन की अंतिम सांस रहता है, तब तक भाई अपनी बहन के लिए सुरक्षा एवं खुशी के लिए दृढ़ संकल्पित रहता है। रक्षाबंधन के लिए अब महज एक दिन का समय ही शेष है। शुक्रवार को बहने भाईयों की कलाई में रक्षासूत्र बांधेगी।

## त्योहार को लेकर अंचल के लोगों में खासा उत्साह

### राखियों पर भी महंगाई का असर

इस बार महंगाई का असर त्योहारी बाजार पर भी साफ दिखाई दे रहा है। पिछले वर्ष के मुकाबले इस बार लोगों को राखियां खरीदने के लिए 10 से 15 प्रतिशत तक अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। दुकानदारों के अनुसार, पिछले साल जो राखियां 50 रुपये में बिक रही थीं, वे इस बार 65 से 70 रुपये तक मिल रही हैं। इसी प्रकार, 100, 150 और 200 रुपये तक बिकने वाली राखियों के दाम बढ़कर क्रमशः 130, 175 और 230 रुपये तक पहुंच गए हैं। वहीं, 50 रुपये से कम कीमत वाली सामान्य राखियों में भी 5 से 10 रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।



### कार्टून राखियां बनी आकर्षण का केंद्र

बाजार में इस बार बच्चों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र विभिन्न कार्टून किरदारों जैसे डोरेमॉन, छोटा भीम और मोटू-पतलू वाली राखियां बनी हुई हैं। इसके अलावा बच्चों में लाइट और म्यूजिकल जलने वाली राखियों का क्रेज सबसे ज्यादा है। वहीं, बड़ों के लिए पारंपरिक सूत, रेशम के धागों के साथ-साथ कुंदन, जरदोजी और स्टोन वर्क वाली डिजाइनर राखियों की मांग सबसे अधिक बनी हुई है। शुभ प्रतीक राखी जिनमें ओम, स्वास्तिक आदि का चिन्ह बना हुआ है, उनकी खरीदारी ज्यादा हो रही है। बच्चों में अलग-अलग प्रकार की किड्स राखी की मांग है।

### राखी की दुकानें सजकर तैयार

रक्षाबंधन पर्व की तैयारी के लिए बाजार में खरीदारी करने खासी भीड़ उमड़ रही है। कसडोल नगर में तीन दिन पहले से ही राखी की दुकानें सजकर तैयार हो चुकी है। कसडोल नगर अंचल का मुख्यालय होने की वजह से पूरे क्षेत्र से लोग यहां खरीदी करने आते हैं। नगर के प्रत्येक तिराहे, चौराहे पर राखियों के बड़े स्टाल सजाये गए हैं। नगर के गायत्री चौक, बाजार चौक व सदर बाजार सहित पूरे मेन रोड पर दर्जनों राखियों की दुकानें सजी है। दुकानदारों को पर्व के एक-दो दिन पहले बिक्री में और तेजी आने की उम्मीद है।

## जमात कमेटी और सर्वसमाज की बैठक लेकर दिया व्यावहारिक समाधान

# मस्जिद कॉम्प्लेक्स की दुकानों का वर्षों पुराना विवाद सुलझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





जिला मुख्यालय के सदर बाजार स्थित मस्जिद परिसर के व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स की दुकानों के किराए और नए अनुबंध को लेकर वर्षों से चला आ रहा विवाद आखिरकार शांतिपूर्ण ढंग से सुलझ गया। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ. सलीम राज ने किराएदारों, मुस्लिम जमात तथा सर्वसमाज के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर सभी पक्षों की बात सुनी और आपसी सहमति से व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किया।

बैठक में तय किया गया कि दुकानों के वर्तमान किराएदार अब नए किराया अनुबंध सीधे छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड, रायपुर के साथ करेंगे। बताया गया कि अधिकांश किराएदार वर्ष 1990 के आसपास से इन दुकानों में व्यवसाय कर रहे हैं और उन्हें यहां करीब 36 वर्ष हो चुके हैं। पूर्व में किराया अनुबंध जमात कमेटी के साथ किया गया था। इस दौरान बाजार में दुकानों के किराए की दरों में काफी बदलाव आया है।

वर्तमान किराए को बाजार की वास्तविक दरों के अनुरूप निर्धारित करने के लिए कॉम्प्लेक्स के आसपास की चिन्हित चार दुकानों के किराए का तुलनात्मक विश्लेषण कर प्रति वर्गफीट औसत किराया निकाला जाएगा। इसके आधार पर निर्धारित औसत दर का 60 प्रतिशत किराया तय करने का निर्देश दिया गया। इस समाधान का उपस्थित किराएदारों, मुस्लिम जमात के पदाधिकारियों तथा सर्वसमाज के नागरिकों ने स्वागत किया। बैठक में पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, उपाध्यक्ष जितेंद्र म्हाले, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, पत्रकार दलजीत सिंह चावला, थाना सिटी कोतवाली थानेदार लाकेश कैवर्थ, नेता प्रतिपक्ष सलमान शेख, अल्प संख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष परवेज खान, मुस्लिम जमात मुतालवी जिलानी खान, मुन्ना शेख, साजिद चौहान, रजा, जुनेद, रज्जाक खान, गोपाल केसरवानी, विकास सराफ, पुरुषोत्तम सोनी, राम परसवानी, विजय रोहरा, रमेश गुप्ता, गेंदलाल जायसवाल सहित बड़ी संख्या मे सर्वसमाज के नागरिकगण उपस्थित रहे।

समाधान के बाद सभी पक्षों में संतोष और हर्ष का माहौल रहा। उपस्थित नागरिकों ने डॉ. सलीम राज की निष्पक्षता, सूझबूझ और न्यायप्रिय दृष्टिकोण की सराहना करते हुए कहा कि सभी पक्षों की बात सुनकर सर्वसम्मति से समाधान निकालना सामाजिक सौहार्द की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# अर्धनारीश्वर शिव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

सावन के अंतिम सोमवार को क्षेत्र में शिवभक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला। नगर सहित आसपास के ग्रामों में जगह-जगह आकर्षक झांकियां सजाई गईं। बाहर से बुलाए गए कलाकारों की नयनाभिराम प्रस्तुतियों के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते शिवभक्ति में लीन नजर आए। ग्राम केसला स्थित बरबंधवा तालाब के अर्धनारीश्वर शिव मंदिर में सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कांवड़ियों ने भगवान अर्धनारीश्वर का जलाभिषेक किया। सुबह से ही मंदिर में फूलों से आकर्षक श्रृंगार कर गंगाजल एवं कांवड़ियों द्वारा लाए गए पवित्र जल से अभिषेक किया गया।

मंदिर परिसर में 'हर-हर महादेव' ओम नमः शिवाय' और 'बोल बम' के जयकारों से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। महिलाएं, पुरुष और बच्चे रुद्राभिषेक एवं पूजा-अर्चना के लिए कतार में खड़े दिखाई दिए। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की आराधना कर क्रमशः जलाभिषेक किया। भारी बारिश के बावजूद भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ और मंदिर में अभिषेक के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालु मंदिर की परिक्रमा कर भगवान शिव के जयकारे लगाते रहे।

मान्यता है कि अर्धनारीश्वर शिवलिंग पर सच्चे मन से बेलपत्र अर्पित कर जलाभिषेक करने से भगवान शिव भक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं। सावन के अंतिम सोमवार पर मंदिर समितियों द्वारा भंडारे एवं महाप्रसादी का आयोजन भी किया गया। वहीं, कांवड़ यात्रियों के स्वागत के लिए श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह फलाहारी जलपान एवं पेयजल की व्यवस्था की गई।

# शिकायतों के बाद भी सुनवाई नहीं न्याय के लिए अदालत पहुंचा व्यापारी

**बलौदाबाजार**। सिटी कोतवाली, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कलेक्टर कार्यालय और सीएम जन शिकायत पोर्टल पर शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से परेशान एक व्यापारी ने अब न्याय के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया है। बजरंग चौक स्थित वलेचा मार्केटिंग के संचालक राजकुमार वलेचा ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी बलौदाबाजार के समक्ष परिवाद पेश कर आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कराने की मांग की है। परिवाद के अनुसार भाटापारा निवासी निर्माण उर्फ नीर किंगरानी दुकान पर पहुंचा और देखने-पसंद करने के बहाने सात प्रीमियम मोबाइल फोन लेकर चला गया। व्यापारी का आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने न तो मोबाइल लौटाए और न ही उनकी कीमत का भुगतान किया। बकाया राशि के लिए तकादा करने पर कथित तौर पर जयपुर से एक चेक व्यापारी के खाते में जमा कराया गया, जो बाद में बाउंस हो गया। इससे व्यापारी के बैंक खाते से पेनल्टी राशि भी काटी गई।

व्यापारी का आरोप है कि 21 अप्रैल 2026 को आरोपी ने व्हाट्सएप कॉल के जरिए गाली-गलौज की तथा जान से मारने और बच्चों का अपहरण कराने की धमकी दी। व्यापारी के मुताबिक इस संबंध में ऑडियो रिकॉर्डिंग की सीडी सहित शिकायत सिटी कोतवाली, एसपी, अतिरिक्त एसपी और कलेक्टर कार्यालय में दी गई।

## पेज 9 के शेष

### सड़क की बदहाली ...

कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि सड़क मरम्मत के नाम पर केवल औपचारिकता करने से समस्या का समाधान नहीं होगा। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण और स्थायी मरम्मत के साथ नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था करने की मांग की। गजेंद्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष ने कहा कि जमुनइय नाला पुल की जर्जर हालत भी गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि किसी बड़े हादसे का इंतजार किए बिना पुल का स्थायी निर्माण कराया जाए तथा तब तक आवागमन को सुरक्षित रखने के लिए तत्काल आवश्यक व्यवस्था की जाए। प्रदर्शन के बाद एसडीएम सिमगा अतुल सेटे, तहसीलदार किशोर कुमार वर्मा, थाना प्रभारी प्रमोद सिंह, लोक निर्माण विभाग के प्रभारी एस डी ओ चौबे एवं इंजीनियर विश्वनाथ कुर्रे की मौजूदगी में अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। आंदोलन में सुमित्रा धृतलहरे जिलाध्यक्ष, भानुप्रताप वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष, जनक राम वर्मा पूर्वविधायक, शैलेश नितिन त्रिवेदी पूर्व अध्यक्ष पाठ्य पुस्तक निगम, डॉ. अयाज अहमद फारुकी प्रवक्ता, बिसन साहू अध्यक्ष महिला, अंजली भारती सेवादल, गजेंद्र वर्मा मंडल अध्यक्ष, प्रदीप निर्मलकर मीडिया प्रभारी, बिहारी खुटे, बीसन साहू, सुरेंद्र ठाकुर, रेवा राम साहू, निरंजन वर्मा, मखसूदन साहू, जितेंद्र वर्मा, प्रदीप निर्मलकर, देवकुमार बघेल, संतोष चंद्राकर, पिलेश्वर वर्मा, इतवारी टंडन, निखिल यदु, देवप्रसाद साहू एवं राकेश यदु सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थि थे।

### फर्जी ट्रांसफर मामल...

**भाजपा नेता समेत छह गिरफ्तार:** विवेचना के दौरान पुलिस ने मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें भाजपा जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष पुनीराम पटेल, आरएमए करण कुमार देवांगन, आरएमए रवि कुमार सेन, कृष्णा अवस्थी के पुत्र प्रणव अवस्थी तथा कंप्यूटर ऑपरेटर प्रखर कश्यप शामिल हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की गई है।

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि कथित फर्जी आदेश किसने तैयार किया, कंप्यूटर पर दस्तावेज किसने बनाया, फर्जी हस्ताक्षर किस तरह किए गए और उसे सरकारी कार्यालय में प्रस्तुत करने की पूरी योजना में किसकी क्या भूमिका थी। कथित रूप से हुए आर्थिक लेनदेन की दिशा में भी जांच की जा रही है।

**छह साल का निष्कासन:** पुलिस कार्रवाई के बाद भाजपा प्रदेश संगठन ने भी दोनों नेताओं पर कार्रवाई की। 25 अगस्त को प्रदेश कार्यालय से जारी अलग-अलग आदेशों में कहा गया कि पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के कारण संगठन की छवि धूमिल हुई तथा यह पार्टी अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। जिला भाजपा की अनुशंसा और प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देश पर कृष्णा अवस्थी और पुनीराम पटेल को तत्काल प्रभाव से छह वर्षों के लिए पार्टी की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया।

### सट्टा-पट्टी लिखते ...

पर प्रभावी नियंत्रण के लिए दृष्टि हेल्पलाइन का संचालन किया जा रहा है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की शिकायत, संदिग्ध गतिविधि अथवा अपराध से संबंधित सूचना दृष्टि हेल्पलाइन नंबर पर कॉल या व्हाट्सएप के माध्यम से दें। पुलिस ने सूचना देने वाले नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए उनकी जानकारी गोपनीय रखने की बात कही है।

### ओवरलोड व लिफ्टर...

वाली गाड़ियां गंभीर सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं। आम नागरिकों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले वाहन चालकों एवं वाहन मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए इस तरह का चेकिंग अभियान आगे भी निरंतर चलाया जाएगा।

### रामवन गमन पथ...

कार्रवाई करनी चाहिए।अब देखना होगा कि वर्षों से अधूरे पड़े इस स्वागत द्वार को लेकर जिम्मेदार अधिकारी कब जागते हैं और निर्माण कार्य पूरा कराने के साथ-साथ जर्जर हिस्से को सुरक्षित करने के लिए क्या कदम उठाते हैं।फिलहाल अधूरा स्वागत द्वार, संकरा रास्ता और गिरते पत्थरों का खतरा तीनों मिलकर राहगीरों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं।

# सूने मकान में चोरी के दो आरोपी और माल खपाने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़



पुलिस ने सूने मकान में हुई बड़ी चोरी की गुत्थी सुलझाते हुए दो शातिर चोरों और चोरी का सामान अपने पास रखने वाले एक खरीदार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी के जेवरात, नकदी और चोरी के पैसों से खरीदा गया नया मोबाइल जब्त कर तीनों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

**मुखबिर की सूचना पर पकड़ाए संदेही:**पुलिस की पतासाजी के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि क्षेत्र के सुमित लहरे और देवा रात्रे अचानक नया मोबाइल खरीदकर भारी रकम खर्च कर रहे हैं। पुलिस ने हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की, तो दोनों ने 13 अगस्त की रात दीवार फांदकर चोरी करने की बात कबूल कर ली।

सुमित लहरे ने चोरी के हिस्से के जेवर बेचकर एक नया रियलमी मोबाइल खरीदा था। पुलिस ने मोबाइल, बिल और 4,000 नगद जब्त किए।देवा रात्रे के पास से चांदी की माला जब्त की गई। पूछताछ में इसने सोने का माला व चांदी का पायल अपने मामा मनीष महिलांगे (निवासी कोरबा) को देना बताया। देवा के निशानदेही पर मनीष मनीष महिलांगे मामा के पास से चोरी का सोने का माला 9 पत्ती और चांदी का पायल जब्त किया गया।

मामले में दो से अधिक आरोपियों द्वारा चोरी को अंजाम देने पर धारा 3(5) बीएनएस तथा चोरी की संपत्ति बेईमानी से रखने पर मनीष महिलांगे के विरुद्ध धारा 317 बीएनएस जोड़ी गई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### ताला तोड़कर पार किए थे सोने-चांदी के जेवर

ग्राम पण्डरीपानी निवासी प्रार्थी श्रवण कुमार रात्रे ने 19 अगस्त को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनका परिवार बाहर रहकर मजदूरी करता है। घर की देखरेख चचेरे भाई चरणलाल कर रहे थे। 18 अगस्त को सूचना मिली कि मकान व अलमारी का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने आधा तोला सोने का माला, कान के टॉप्स, नाक की फुली तथा लगभग 85 तोला चांदी के विभिन्न आभूषण (पायल, माला व बजरबट्टू) पार कर दिए हैं। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 331(4) व 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# राखी पर मिलावट का बाजार गर्म मिलावटखोरों की सक्रियता बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

रक्षाबंधन नजदीक आते ही कसडोल सहित आसपास के क्षेत्रों में मिठाई बाजार सजने लगा है। भाई-बहन के प्रेम के इस पर्व पर मिठाइयों की मांग बढ़ने के साथ ही खाद्य पदार्थों में मिलावट का खतरा भी बढ़ गया है। खासकर खोया, दूध, पनीर और दूध से तैयार होने वाली मिठाइयों में मिलावट की आशंका को लेकर लोगों में चिंता है।

आरोप है कि मांग बढ़ने के दौरान कुछ कारोबारी लागत कम करने के लिए असली खोए की जगह अरारोट, मैदा, वनस्पति सहित अन्य सस्ती सामग्री का इस्तेमाल कर मिठाइयां तैयार करते हैं। वहीं कुछ स्थानों पर कृत्रिम रंगों के अत्यधिक इस्तेमाल की शिकायतें भी सामने आती रहती हैं। इससे मिठाइयों की गुणवत्ता प्रभावित होने के साथ ही उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। त्योहारों के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा मिठाई, खोया, दूध, पनीर एवं अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जाते हैं। इन नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जाने के बाद रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की प्रक्रिया अपनाई जाती है। हालांकि, सबसे बड़ा सवाल जांच रिपोर्ट आने में लगने वाले समय को लेकर है। यदि त्योहार के दौरान किसी प्रतिष्ठान से संदिग्ध खाद्य पदार्थ का नमूना लिया जाता है और उसकी रिपोर्ट कई सप्ताह या महीनों बाद आती है, तो तत्काल उपभोक्ताओं को उससे बचाने की व्यवस्था कितनी प्रभावी है, यह सवाल बना रहता है। लोगों का कहना है कि केवल नमूने लेने तक सीमित कार्रवाई के बजाय मिलावट पाए जाने पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई भी जरूरी है। खोया अथवा दूध से बनी मिठाई में खट्टापन, दुर्गंध, असामान्य चिपचिपापन या स्वाद में बदलाव महसूस हो तो उसे खरीदने से बचना चाहिए। पैक्ड मिठाई खरीदते समय निर्माण तिथि, उपयोग की अंतिम तिथि, पैकेट की सील तथा खाद्य सुरक्षा संबंधी जानकारी भी जांचना जरूरी है।

- **खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई पर उठे सवाल, त्योहार से पहले सघन जांच की मांग**

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी हो नियमित जांच

स्थानीय लोगों का कहना है कि त्योहारों के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग को कसडोल के साथ आसपास के गांवों और छोटे बाजारों में भी लगातार जांच अभियान चलाना चाहिए। मिठाई निर्माण स्थलों, दुकानों, दूध-पनीर विक्रेताओं और खोया कारोबारियों की जांच के साथ संदिग्ध खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर उनकी जांच शीघ्र कराई जानी चाहिए।

## प्रगति विद्या मंदिर में हुआ आयोजन

# विज्ञान संगोष्ठी में छात्रों ने ऊर्जा के भविष्य पर रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन प्रगति विद्या मंदिर कोट में किया गया। संगोष्ठी का मुख्य विषय भारतीय ऊर्जा परिप्रेक्ष्य-2047: संभावनाएं एवं चुनौतियां रहा। इसमें विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से कक्षा 8वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की संभावनाओं, चुनौतियों और भविष्य की दिशा पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

प्रतियोगिता में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारनवापारा की मनीषा चौहान ने प्रथम, प्रगति विद्या मंदिर की माही ने द्वितीय तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक



विद्यालय पिसिद की तेजस्विनी पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी कौशिक मुनि त्रिपाठी, ब्लॉक नोडल अधिकारी थानू राम साहू, बलदाऊ डडसेना, विद्यालय संचालक शेषनारायण साहू एवं प्राचार्य लता सोनवानी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शिक्षक मीनू वर्मा, श्रीकांत पुरेना, बिजेन्द्र देवांगन, खेमराम जायसवाल, सूरज कैवर्त एवं हेराम देवांगन शामिल रहे।

जिला नोडल अधिकारी कौशिक मुनि त्रिपाठी ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्ष 2047 तक ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार की भावना तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित करना आवश्यक है।

## खबर संक्षेप

### बोलबम कांवरियों को भोजन प्रसाद वितरित

**महासमुंद।** मुक्तिधाम सेवा समिति द्वारा तुमगांव रोड ओवरब्रिज के पास बोलबम कांवरियों को भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें बम्हनी से सिरपुर से जाने वाले बोलबम कांवरियों के साथ आम जनता ने भी भोजन प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक योगेश्वर सिन्हा पहुंचकर भक्तों व आयोजकों का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, पार्षद कांति, मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्य राजू चंद्राकर, डॉ जे शुक्ला, ओम प्रकाश औसर, डॉं एजाज नकवी, संजय साहू, सुरेश साहू, गुमान जैन, मनोज पटेल, फगुआ पटेल, संतोष साहू आदि मौजूद रहे।

### मचेवा में बोलबम कांवड़ियों को प्रसाद वितरण



**महासमुंद।** मचेवा में व्यापारियों द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बोल बम कांवड़ियों के लिए प्रसादी वितरण कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया। अंतिम सावन सोमवार के लिए शनिवार को बम्हनेश्वर (बम्हनी) के श्वेत गंगा से जल लेकर गंधेश्वर, कनेश्वर, भूतेश्वर में जल अर्पण के लिए पैदल निकले सभी कांवड़ियों को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में यशवन्त साहू, पांडुरंग मदनकार, पितेश्वर चंद्राकर, मनीष साहू, प्रकाशमणि साहू, प्रणव साहू, गजेंद्र निषाद, शिवम साहू, ताराचंद साहू, हुमेंद्र साहू, खिलेंद्र साहू, योगेश ध्रुव, भरत ध्रुव, उमेश साहू, हिमांशु देवांगन, रमन पटेल, नरेश साहू का विशेष सहयोग रहा।

### रक्षाबंधन पर्व पर वीर शहीदों के नाम पर बहनें राखी बांधकर अपने भाई को करती हैं याद

**महासमुंद।** संवेदना खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि वीरों की धरती के नाम से प्रसिद्ध सीकर, झुंझुनूं और चूरू के शूरवीरों की कहानी युवाओं को सेना में जाने जज्बा देती हैं। वीरों की इस सरजमीं में परिवार का एक सदस्य सेना में जाकर देश सेवा जरूर करता हैं। सीमा पर दुश्मनों से लड़ते हुए कई अमर वीर जवानों ने शहीद हो जाते हैं भारत देश में शहीद स्मारक कई जगह बने हुए हैं जो उनके शौर्य की कहानी को बयां करते हैं। रक्षाबंधन त्यौहार के समय अपनों की याद में आंखें छलक जाती हैं। बहनों को राखी का इंतजार रहता था कि सरहद से भाई आकर कलाई पर राखी बंधवाएगा। वहीं कई बहने शहीद भाई के नाम से शहीद स्मारक में राखी बांधकर उन्हें अपने पास होने का अहसास करती हैं।



## खरौद के लक्ष्मणेश्वर मंदिर में उमड़ी भारी भीड़



**गिधौरी।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल में खरौद के लक्ष्मणेश्वर मंदिर में बारिश के बीच श्रद्धालुओं ने अपनी बारी का इंतजार किया और लंबी कतारों में डटे रहे। सावन के आखिरी सोमवार को लेकर सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ जुटने लगी थी। दोपहर के वक्त अचानक तेज बारिश शुरू हो गई, जिससे चारों तरफ पानी भर गया। इसके बावजूद भगवान शिव के प्रति अटूट आस्था दिखाते हुए श्रद्धालुओं ने लाइन नहीं छोड़ी। भीगते हुए घंटों अपनी बारी का इंतजार करने के बाद भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया और अपनी मन्नतें मांगीं। मंदिर के मुख्य पुजारी सुधीर मिश्रा ने बताया कि खरौद का लक्ष्मणेश्वर मंदिर सिर्फ धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि एक सिद्ध स्थल भी है।



## श्रावण के अंतिम सोमवार : रुद्राभिषेक के बाद भंडारे में उमड़ी भीड़

# बैकुंठ में हुआ शिव रुद्राभिषेक और हवन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

शहर के समीप स्थित अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेट परिसर में श्रावण मास के अंतिम सोमवार को श्रद्धा और भक्ति का नजारा देखने को मिला। श्रीहनुमान मंदिर परिसर में शिव रुद्राभिषेक एवं हवन-पूजन किया गया। सुबह से शुरू हुआ धार्मिक आयोजन शाम तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, कॉलोनीवासी और आसपास के श्रद्धालु शामिल हुए।

पं. केशरी लाल एवं पं. मनोज तिवारी ने रुद्राभिषेक एवं पूजन कराया। इस दौरान यूनिट हेड श्री कुलकर्णी सपत्नीक मौजूद रहे। फंक्शनल हेड राजीव सिंघल, सुनंदा बाशु, ए.के. सिन्हा सहित विवेक बघेल, अशोक मिश्रा, अभिषेक तेवतिया समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी पूजा में शामिल हुए।

मंदिर समिति एवं शिवभक्तों के सहयोग से भोग-भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धापूर्वक प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में अशोक मिश्रा, गिरिराज शंकर मिश्रा, राजेंद्र, गुरुदयाल साहू, कैलाश तिवारी सहित अनेक शिवभक्त मौजूद रहे। भंडारे के सफल संचालन में कामेश्वर प्रसाद, ईश्वर प्रसाद, ईश्वरराव, उत्तम सिंह, रामकुमार ध्रुव सहित सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### मांगों के लिए सिद्धेश्वर के द्वार पहुंचे सेजेस संविदा कर्मचारी

**पलारी।** सावन के अंतिम सोमवार को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के संविदा कर्मचारियों ने बाबा सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना एवं महाअभिषेक किया। इस दौरान ओड़ान, पलारी और छेरकापुर सहित जिले भर के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने अपनी जायज मांगों के लिए भोलेनाथ से प्रार्थना की तथा मांगें पूरी होने पर पुनः आभार व्यक्त करने का संकल्प लिया। इस दौरान संघ के जिलाध्यक्ष स्वप्निल वर्मा ने कहा कि करता करें ना कर सके, शिव करे सो होय। तीन लोक नौ खंड में, शिव से बड़ा ना कोय। कर्मचारियों ने विश्वास जताया कि ईमानदार प्रयास, एकजुट संघर्ष और अटूट आस्था से हर कार्य सिद्ध होता है, साथ ही सभी ने सामूहिक एकता बनाए रखते हुए अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रतिबद्धता दोहराई।



## शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब



**खरोरा।** सावन के अंतिम सोमवार को नगर से लेकर गांव तक भगवान शिव की भक्ति में पूरा अंचल डूबा रहा। सुबह होते ही शिवालयों के पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। प्रमुख शिव मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा और मंदिर परिसर हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयघोष से गूंजते रहे। सावन के अंतिम सोमवार को भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। कई शिवालयों में सुबह से ही लंबी कतारें लग गई थीं। श्रद्धालुओं ने गंगाजल, दूध, दही, शहद सहित अन्य पूजन सामग्री से अभिषेक कर भगवान शिव से सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। अंतिम सोमवार होने के कारण मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन भी हुआ।

### ग्रामीण अंचलों के शिवालय भी रहे गुलजार

नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के शिव मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। गांवों में स्थित प्राचीन ग्राम बेलदार सिवनी शिवालयों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर सावन के अंतिम सोमवार का व्रत-पूजन पूरा किया। सावन के अंतिम सोमवार को पूजा सामग्री की दुकानों और बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ी रही। भगवान शिव को अर्पित किए जाने वाले बेलपत्र, धतूरा और आंक के पत्तों की मांग विशेष रूप से रही।

### श्रीबालाजी दरबार में हुआ सहस्त्र धारा अभिषेक

**खरोरा।** सावन के पावन अंतिम सोमवार पर श्रीबालाजी दरबार में सहस्त्र धारा अभिषेक का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भगवान शिव का विधि-विधान से पूजन एवं अभिषेक किया गया। सहस्त्र धारा अभिषेक के लिए पांच टैंकर पानी की व्यवस्था की गई, जिसके माध्यम से भगवान भोलेनाथ का निरंतर जलाभिषेक किया गया। अभिषेक के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की विशेष उपस्थिति रही। हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान शिव के दर्शन एवं पूजन किए तथा सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना की। सावन के अंतिम सोमवार पर आयोजित इस विशेष अभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि श्रीबालाजी दरबार में धार्मिक आयोजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को सनातन परंपराओं से जोड़ने और भगवान शिव की आराधना का अवसर प्रदान करने का क्रम निरंतर जारी रहेगा।



## 31 जोड़ों ने किया रुद्राभिषेक, भक्ति में डूबा भरूवाडीह

**खरोरा।** इस वर्ष भी सावन के अवसर पर अंतिम सोमवार को श्री साप्ताहिक हनुमान चालीसा समिति भरूवाडीह कला के तत्वावधान में रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योगेश निषाद, भगत राम निषाद, देवनाथ वर्मा, श्रवण ध्रुव, नरेश साहू, कपिल निषाद, हीरा सिंह वर्मा, राम चरण साहू, जनपद सदस्य लेखू राम सेन सहित कुल 31 जोड़े यजमान के रूप में शामिल हुए। पं. शिव त्रिपाठी द्वारा विधि-विधान एवं धार्मिक संस्कारों के साथ रुद्राभिषेक संपन्न कराया गया। इस दौरान भगवान शिव के जयकारों एवं भक्तिमय वातावरण से पूरा परिसर शिवमय हो गया। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए भोग-भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि सावन माह में भगवान शिव की आराधना और रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे, एकता और सद्भाव की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों एवं यजमानों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि धार्मिक परंपराओं और संस्कारों को आगे बढ़ाने में सामूहिक आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है।



### युवाओं ने किया सात दिवसीय शिवलिंग यात्रा पूर्ण

**बिरकोनी।** ग्राम बडगांव के जय भोले समिति के छः युवाओं ने ऐतिहासिक एवं धार्मिक यात्रा में प्राचीन शिवलिंग भ्रमण किया। पहले दिन युवाओं ने वाराणसी में काशी विश्वनाथ शिवलिंग के बाद वृंदावन में गोपेश्वर महादेव मंदिर, गोकुल धाम में चिंताहरण महादेव मंदिर, मथुरा में रंगेश्वर महादेव मंदिर, अयोध्या के प्राचीन नागेश्वर नाथ शिव मंदिर के बाद प्रयागराज में मनकामेश्वर महादेव के दर्शन कर वापस राज्य लौटने पर पांडुका से जल लेकर कर भूतेश्वर महादेव मंदिर गरियाबंद में एशिया के प्रसिद्ध शिवलिंग में सोमवार को प्रातः दूध व गंगाजल, बेलपत्र अर्पित किया और ओम नमः शिवाय जाप के साथ चारों ओर परिक्रमा लगाई व विशाल शिवलिंग की पूजा अर्चना कर ग्राम की सुख समृद्धि की कामना किया।

**कार्यालय कलेक्टर, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**// अधिसूचना //**

**क्रमांक / 126 / भू-अर्जन / 2026** — **बलौदाबाजार-भाटापारा, दिनांक 24/08/2026**

चूंकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित भूमि की औद्योगिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम, 2013 कहा जायेगा) की धारा 19 के तहत यह घोषित किया जाता है कि इस भूमि का उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :- **भूमि का वर्णन - 1. जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, 2. तहसील-सिमगा, 3. ग्राम- मोहभट्ठा, 4. भूमि का क्षेत्रफल - 25.477 हे.**

| क्रमांक | खसरा नम्बर | रकबा (हेक्टे. में) | क्रमांक | खसरा नम्बर | रकबा (हेक्टे. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 380/60 | 0.202 | 30 | 380/46/ग | 0.230 |
| 2 | 380/62 | 0.202 | 31 | 380/81 | 0.120 |
| 3 | 380/49/ख | 0.152 | 32 | 380/83 | 0.195 |
| 4 | 380/68 | 0.202 | 33 | 380/94 | 0.461 |
| 5 | 380/69 | 0.202 | 34 | 380/95 | 0.364 |
| 6 | 380/70 | 0.202 | 35 | 380/99 | 0.280 |
| 7 | 380/64 | 0.202 | 36 | 380/17/घ | 0.552 |
| 8 | 380/65 | 0.202 | 37 | 380/17/ङ | 0.156 |
| 9 | 380/35/क | 0.303 | 38 | 373/7 | 0.478 |
| 10 | 380/35/ख | 0.303 | 39 | 373/11 | 0.809 |
| 11 | 380/47 | 0.303 | 40 | 373/4/क | 0.208 |
| 12 | 380/53 | 0.303 | 41 | 373/4/ख | 0.209 |
| 13 | 380/41 | 0.982 | 42 | 380/36 | 4.047 |
| 14 | 380/42 | 1.484 | 43 | 380/37 | 0.405 |
| 15 | 380/54 | 0.303 | 44 | 368/1 | 0.348 |
| 16 | 380/75/क | 0.085 | 45 | 368/2 | 1.214 |
| 17 | 380/63 | 0.202 | 46 | 368/4 | 0.405 |
| 18 | 380/59 | 0.202 | 47 | 372/3 | 0.230 |
| 19 | 380/57 | 0.202 | 48 | 372/11 | 0.095 |
| 20 | 380/49/क | 0.151 | 49 | 372/9 | 0.202 |
| 21 | 380/29 | 0.202 | 50 | 372/4 | 0.218 |
| 22 | 380/52 | 0.303 | 51 | 372/10 | 0.095 |
| 23 | 380/58 | 0.202 | 52 | 372/6 | 0.430 |
| 24 | 374/2 | 1.956 | 53 | 380/25 | 1.484 |
| 25 | 380/66 | 0.202 | 54 | 380/17/क | 0.252 |
| 26 | 375/3 | 0.288 | 55 | 380/17/ख | 0.571 |
| 27 | 376/2 | 0.040 | 56 | 380/97 | 0.469 |
| 28 | 375/2 | 0.607 | 57 | 380/98 | 0.356 |
| 29 | 380/27 | 0.405 | कुल | 57 | 25.477 |

2. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा के कार्यालय में किया जा सकता है। 3. उक्त भूमि अर्जन में किसी भी व्यक्ति का विस्थापन निहित नहीं है।

उक्त योजना के लिए अनुमोदित पुनर्वास योजना के अनुसार प्रस्तावित भू-अर्जन से प्रभावित 50 परिवारों का पुनर्वासित किया जाना प्रस्तावित है। पुनर्वास तथा पुनर्व्यवस्थापन हेतु छ.ग.राज्य की आदर्श पुनर्वास नीति के प्रावधानों के अनुसार किया जावेगा। विस्तृत योजना भू-अर्जन अधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध है।

**कलेक्टर**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा एवं पदेन उप सचिव**
**छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

## ओटगन में छात्राओं को दी गई बेड टच, गुड टच की जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

ग्राम ओटगन के पूर्व माध्यमिक शाला में महिला एवं बाल विकास विभाग तिल्दा की ओर से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग की सुपरवाइजर मियंका तिवारी ने छात्र-छात्राओं को शिक्षा और महिला सशक्तिकरण का महत्व समझाया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए बेटियों को समान अवसर और उच्च शिक्षा देना बेहद जरूरी है। उन्होंने बालिकाओं के अधिकारों, भ्रूण हत्या की रोकथाम और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे सुकन्या समृद्धि योजना की विस्तार से जानकारी दी। सुपरवाइजर मियंका तिवारी ने छात्राओं को अंकुरित अनाज खाने, शरीर की स्वच्छता तथा बेड टच गुड टच, बाल विवाह की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं की शिक्षा पर भी जोर देते हुए कहा कि वर्षों से बेटियों को बोझ समझा जाता रहा है, जिसके चलते लिंगानुपात में असंतुलन पैदा हुआ। यह अभियान ऐसे पुराने सोच को समाप्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसके साथ ही छात्राओं को समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में बेटियों को आगे बढ़ाने और समाज से कुरीतियों को मिटाने का संकल्प लिया गया। इस बीच स्कूल के मेघावी बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया गया। उक्त अवसर पर सरपंच हिमांशु तिवारी, प्रधान पाठिका संगीता बंजारे, शिक्षक प्रियंक शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सीमा श्रीवास, सहायिका गोमती ध्रुव, शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

HEALTH TOWN

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

पाइल्स
पाइल्स का इलाज, एक लेप, द्वारा मस्से को गला कर जड़ से इलाज किया जाता है।
समय : सुबह 9.30 से रात 8.00 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



# धान-चावल के बीजों से सजेगी इस बार भाइयों की कलाई

## कलेक्टर, एसपी और डीएफओ को बिहान दीदियों ने बांधी बीज राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में इस बार रक्षाबंधन पर्व भाई-बहन के स्नेह के साथ हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देगा। बिहान से जुड़ी स्व-सहायता समूह की महिलाएं धान, चावल, लौकी, करेला, सेमी सहित स्थानीय बीजों से आकर्षक और पर्यावरण हितैषी राखियां तैयार कर रही हैं। ग्राम लाहोद की महिलाओं द्वारा तैयार इन बीज राखियों की बिक्री से उन्हें अतिरिक्त आमदनी भी हो रही है। इसी क्रम में बिहान की महिलाओं ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय में बिक्री हेतु स्टॉल लगाया। स्टॉल का





अवलोकन करने पहुंचे कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, वनमंडलाधिकारी पंकज कुमार कमल एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल को दीदियों ने अपने हाथों से तैयार बीज राखियां पहनाईं। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप महिलाओं को नवाचार और आजीविका से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बिहान दीदियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बीज राखी महिलाओं के हुनर और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के साथ पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संदेश भी देती है।

## खबर संक्षेप



### पिता की स्मृति में लगाया पीपल का पौधा

**खरोरा।** ग्राम कठिया नंबर एक निवासी बिसहत वर्मा का 15 अगस्त को निधन हो। पिता की स्मृति को चिरस्थायी बनाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से दशगात्र कार्यक्रम पर पुत्र धर्मेंद्र वर्मा, धरम नारायण, भाचा शत्रु, सोमसाय वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, हिंसु, सोहन वर्मा, माधो प्रसाद, महेश, नरेश, अजय, राजेंद्र, दीपक वर्मा, सतीश, भोजराम वर्मा, तिलक बघेल, रवि, विक्की एवं डॉ. हरीश वर्मा ने पीपल का पौधा रोपित कर उसकी देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया।

### दिव्यांग एवं मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र बनाएंगे कल

**महासमुंद।** वर्तमान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय सह जिला अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांगजनों को बुधवार को दिव्यांग प्रमाणपत्र सत्यापन, नवीनीकरण एवं नवीन दिव्यांग प्रमाणपत्र तथा मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र जारी किए जा रहे हैं। वहीं प्रत्येक शुक्रवार को हितग्राहियों को मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र जारी किया जाता है।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** बागबाहरा के गणेशपारा में एक महिला के साथ मारपीट के आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को वार्ड नं. 5 की निवासी राजेश्वरी राजपूत ने बताया कि 22 अगस्त की सुबह करीब 10 बजे वह शिव मंदिर के पास खडी थी, उसी समय पड़ोसी प्रीति साहू का लड़का उसके घर के छत में पत्थर फेंक रहा था, जिसे उसने मना किया, इस पर प्रीति साहू वहां आकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट गुस्से में दौड़ते हुए आकर मारपीट करने लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी महिला के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### पति-पत्नी के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में पति-पत्नी के साथ मारपीट के मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को खरोरा निवासी प्रार्थी रामानंद धीवर ने बताया कि 24 अगस्त की शाम करीबन 05.30 बजे उसका कच्ची मिट्टी से बने घर की दीवार भतीजे हीरालाल धीवर के घर की तरफ गिर गया, जिसका मलबा भतीजा हीरालाल व नाती सोनू धीवर अपने घर की ओर ले जा रहे थे, जिसे उसने मना किया। जिस पर नाती सोनू धीवर गाली गलौज कर मारपीट करने लगा

### 8 निर्धन छात्राओं का प्रवेश शुल्क किया जमा

**महासमुंद।** शहर के त्रिमूर्ति कालोनी निवासी संजय वासवानी तथा कीर्ति वासवानी अपनी पुत्री स्व. डॉ. देविका वासवानी की स्मृति में पिछले दो वर्षों से निर्धन छात्राओं की शिक्षा में आर्थिक सहायता की जा रही है। इसी के तहत उन्होंने शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत 8 निर्धन छात्राओं का प्रवेश शुल्क लगभग आठ हजार रुपए प्रदान किया। इस पर संस्था के प्राचार्य जीआर सिन्हा, सहित समस्त शाला परिवार ने वासवानी दंपति का आभार व्यक्त किया है।

## समारोह में वित्तीय योजनाओं व रेबीज जागरूकता की दी जानकारी

# मिलन समारोह में वर्षों बाद मिले आईटीआई के पूर्व प्रशिक्षणार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

यहां के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में मंगलवार को पूर्व प्रशिक्षणार्थियों का मिलन समारोह हुआ। समारोह का मुख्य उद्देश्य संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़े पूर्व प्रशिक्षणार्थियों को एक मंच पर लाना, उनके अनुभव वर्तमान प्रशिक्षणार्थियों तक पहुंचाना तथा युवाओं को रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा, तिल्दा-नेवरा के शाखा प्रबंधक रामेंद्र गोस्वामी ने प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार, व्यवसाय एवं नए उद्यम शुरू करने के लिए बैंक द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली ऋण सुविधाओं और वित्तीय



योजनाओं की जानकारी दी।

समारोह के दौरान आवारा कुत्तों के काटने से बचाव एवं रेबीज की रोकथाम को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा-नेवरा से डॉ. आशीष खारसन एवं डॉ. रीना परिहार स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ उपस्थित रहे। चिकित्सकों ने प्रशिक्षणार्थियों को कुत्ते के काटने की स्थिति में तत्काल किए जाने वाले प्राथमिक उपचार, घाव को अच्छी तरह साफ करने, समय पर रेबीज रोधी टीका लगवाने तथा चिकित्सकीय सलाह लेने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

समारोह में संस्था के प्रशिक्षण अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

### रोजगार मेले में सहभागिता के लिए किया प्रेरित

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, रायपुर से उषा साहू भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। उन्होंने युवाओं को रोजगार मेले के माध्यम से उपलब्ध होने वाले रोजगार अवसरों की जानकारी दी। समारोह का सबसे महत्वपूर्ण आकर्षण संस्था के उन पूर्व प्रशिक्षणार्थियों का सम्मान रहा, जिन्होंने यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई है। रोजगार एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे पूर्व प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित कर उनके अनुभव वर्तमान विद्यार्थियों के साथ साझा किए गए। प्रभारी प्राचार्य पंकज यादव ने सभी अतिथियों, पूर्व प्रशिक्षणार्थियों, प्रशिक्षण अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

# पूर्व सरपंच ने जाम नाली की सफाई की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा

जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत कोरदा में जनसेवा की एक अनूठी मिसाल देखने को मिली। गांव के पर्यापारा मोहल्ले में बारिश के कारण नालियों में मलबा जमा होने से जलभराव की गंभीर स्थिति निर्मित हो रही थी। इसे देखते हुए पूर्व सरपंच खेतरसिंह ध्रुव ने किसी प्रशासनिक मदद का इंतजार किए बिना स्वयं फावड़ा उठाया और अपने बेटे के सहयोग से जाम नाली की सफाई कर दी, जिससे पानी की निकासी सुचारू हो सकी।

उल्लेखनीय है कि इस मार्ग पर हर वर्ष दो फीट तक पानी भर जाता है, जिससे स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है। हालांकि, ग्राम पंचायत द्वारा हाल ही में सीसी सड़क और नाली का निर्माण कराया गया है, फिर भी खेतों व गलियों का पानी आने से करीब 100 मीटर तक जलभराव बना रहता था। पूर्व सरपंच खेतरसिंह ध्रुव ने कहा कि वे जब पद पर थे तब भी सफाई करते थे और आज भी कर रहे हैं, क्योंकि स्वच्छता रखना कोई गलत काम नहीं है। उन्होंने ग्रामीणों से अपने घर के आसपास नालियों और सड़कों को साफ रखने का आह्वान किया। उनके इस कदम की पूरे मोहल्ले में सराहना हो रही है।

## 5.61 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर पालिका परिषद द्वारा बुधवार 26 अगस्त को संत रविदास वार्ड स्थित अंबेडकर चौक के पास शाम 5.30 बजे विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को प्रमाणपत्र एवं आवास की चाबी वितरण का कार्यक्रम आयोजित है।

कार्यक्रम में रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा,भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव एवं नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया,राकेश तिवारी भाजपा विशेष आमंत्रित सदस्य, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष



ओमप्रकाश रात्रे, डॉ मोहन बांधे, भाजपा जिलाउपाध्यक्ष सुनील यदु, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मनिंदर सिंह गुम्बर, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष महाबल बघेल,मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, जल विभाग सभापति सीता अशोक साहू एवं सभी पार्षदगण उपस्थित रहेंगे

कार्यक्रम के दौरान भूमिपूजन में इंटेकवेल से फिल्टर प्लांट तक पाइप लाइन विस्तार कार्य शामिल है, जिसकी लागत 4 करोड़ 8.81 लाख है।

इसके साथ ही ओवर हेड टैंक/पानी टंकी निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया जाएगा, जिसकी स्वीकृत लागत 1 करोड़ 52.25 लाख है। इन दोनों कार्यों से शहर की जलापूर्ति व्यवस्था को मजबूती मिलेगी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को प्रमाणपत्र एवं उनके आवास की चाबी वितरित की जाएगी।

## स्वच्छता दीदियों के सम्मान में कल होगा विशेष समारोह

**भाटापारा।** नगर पालिका परिषद में नगर की स्वच्छता व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली स्वच्छता दीदियों के सम्मान एवं अभिनंदन के लिए विशेष सम्मान समारोह का आयोजन महंत रामरूप दास महात्यागी के सानिध्य में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 27 अगस्त को दोपहर 3 बजे श्री राम-जानकी मंदिर, कल्याण सागर, भाटापारा में आयोजित होगा।कार्यक्रम का उद्देश्य नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाने में निरंतर जुटी स्वच्छता दीदियों के समर्पण, परिश्रम और सेवाभाव को सम्मानित करना है। स्वच्छता दीदियां प्रतिदिन नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनके श्रम और योगदान के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है।इस अवसर पर महंत रामरूप दास महात्यागी का पावन सान्निध्य प्राप्त होगा। साथ ही पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, डॉ ललित माखीजा, सहित एवं समाज प्रमुख उपस्थित रहेंगे।

## शिक्षक महेश गुप्ता के स्थानांतरण पर स्कूल प्रबंधन ने दी विदाई

**करहीबाजार।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय ओटेबंद में पदस्थ रहे वरिष्ठ शिक्षक महेश कुमार गुप्ता का स्थानांतरण पर स्कूल परिवार ने उन्हें बधाई दी। विदाई



समारोह के दौरान ग्रामीण, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। समारोह में विद्यालय परिवार की ओर से श्री गुप्ता को स्मृति-चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक शनि राम मरावी, संस्था प्रमुख कमल कुमार ध्रुव, शिक्षक संदीप सिंह रात्रे, भूषण लाल ध्रुव, प्रफुल्ल अवस्थी, नोखेलाल वर्मा, कौशल प्रसाद सेन, जितेन्द्र कुमार खूंटे, हीरालाल सोनसरे, नंदकुमार पटेल, हेमंत कुमार पटेल, शाला समिति सदस्य शत्रुहन यद्धु, शत्रुहन निषाद, कैलाश पटेल सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## सीएस की परीक्षा पास कर चाहत विरानी ने बढ़ाया शहर का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

नगर की होनहार बेटी चाहत पिता गोपीचंद विरानी ने कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के दम पर कंपनी सेक्रेटरी की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर उपलब्धि हासिल की। चाहत की इस सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है, वहीं तिल्दा-नेवरा क्षेत्र भी उनकी उपलब्धि पर गौरवान्वित महसूस कर रहा है।



छोटे शहर से निकलकर प्रोफेशनल क्षेत्र की कठिन परीक्षा में सफलता हासिल करना चाहत की मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

चाहत विरानी का परिवार सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्र में भी अपनी पहचान रखता है। उनके दादा खेमचंद विरानी स्थानीय शारदा शिशु मंदिर के डायरेक्टर रह चुके हैं। इसके साथ ही वे सिंधी पंचायत के वरिष्ठ पदों पर रहते हुए समाजसेवा से जुड़े रहे हैं। वहीं चाहत के पिता गोपीचंद विरानी जनरल दुकान का व्यवसाय करते हैं। उनके छोटे दादा हरीश विरानी पेशे से डॉक्टर हैं।

### आपदा पीड़ित परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत दो व्यक्ति के निकट परिजन प्रत्येक के लिए 4 लाख के मान से 8 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ति परिजन जगदीश वर्मा पिता स्व. बंशीलाल वर्मा की माता शांति वर्मा निवासी ग्राम कोदवा, तहसील भाटापारा एवं दुकालूराम चौहान पिता नौसल चौहान की माता आसीन बाई निवासी ग्राम नारायणपुर तहसील कसडोल क़ी नदी, तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी।

## छात्रसंघ कार्यकारिणी में पूर्वेंद्र बने शाला नायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रिसदा

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसदा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए गठित छात्रसंघ कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह किया गया। विद्यालयीन शिक्षण एवं शैक्षणिक गतिविधियों में सामंजस्य स्थापित करने के साथ विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से छात्रसंघ का प्रत्यक्ष निर्वाचन कराया गया था। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने मतदान कर अपने प्रतिनिधियों का चयन किया।

निर्वाचन में कक्षा 12वीं के पूर्वेंद्र वर्मा को शाला नायक तथा कक्षा 11वीं के ओमप्रकाश टंडन को



उपशाला नायक चुना गया। इसी प्रकार पीताम्बर रजक 12वीं सचिव, जयंत टंडन 11वीं सहसचिव, हीना ध्रुव व दक्ष नवरंगे सांस्कृतिक सचिव, वर्षा वर्मा व विकास चतुर्वेदी अनुशासन सचिव तथा जीवा यादव व नरेश नवरंगे क्रीड़ा सचिव निर्वाचित हुए।

शपथ ग्रहण समारोह में छात्रसंघ पदाधिकारियों सहित विभिन्न कक्षाओं के कप्तानों का शिक्षक-शिक्षिकाओं ने तिलक-गुलाल लगाकर एवं बैज प्रदान कर अभिनंदन किया। वरिष्ठ शिक्षक अनिल कुमार बंजारे ने छात्रसंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं दायित्वों की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अपने दायित्वों का निर्वहन विद्यालय के अनुशासनात्मक दायरे में रहकर करने की प्रेरणा दी। साथ ही विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी कर विद्यालय परिवार को सहयोग देने की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम में शिक्षक अनिल कुमार बंजारे, दीपचंद बंजारे, रूपनारायण साहू, रमेश कुमार नेगी, नंदकुमार मल्होत्रा, धर्मेंद्र खरे, भारती ऊके, अर्चना वर्मा, प्रार्थना महोबिया, विद्या साव सहित कार्यालयीन स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

## छत्तीसगढ़ में सफाई कर्मचारी आयोग के गठन की उठी मांग

# दिल्ली में गूंजी छग के सफाई कर्मियों के अधिकारों की आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के स्थापना दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल नेतृत्व राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल ने किया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री रामदास आठवले एवं सांसद अनूप वाल्मीकि सहित छत्तीसगढ़ सहित 23 राज्यों से आए पदाधिकारियों, सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। छत्तीसगढ़ की ओर से छत्तीसगढ़ में सफाई कर्मचारी आयोग गठन एवं डाईग कैडर समाप्त कर पुनः सफाई



कर्मचारी पद बहाल करने, सफाई कर्मचारी को दस लाख रुपये का बीमा कवर, अनुकम्पा नियुक्ति को सरल करने, समाज के अधिकारों, सम्मान, सामाजिक सुरक्षा, कल्याण एवं उत्थान से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने सफाई कर्मचारियों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया।इस ऐतिहासिक अवसर पर अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा की ओर से प्रदेश मुख्य सलाहकार सम्मन लाल सेवते, प्रदेश उपाध्यक्ष नितिन डागोर प्रदेश महासचिव विकास सिहोते, प्रदेश प्रवक्ता संदीप डागोर, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुधीर राठौर, प्रदेश संगठन मंत्री अनिल डागोर, प्रदेश प्रमुख सदस्य देवक सिहोते, प्रमुख सदस्य सुदेश डागोर एवं हेमन्त गोदरे सम्मिलित हुये।छत्तीसगढ़ प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस महत्वपूर्ण समारोह में सहभागिता करते हुए सफाई कर्मचारी के हितों, अधिकारों एवं सम्मान की आवाज को मजबूती प्रदान की। प्रतिनिधिमंडल ने आयोग के उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम की सफलता पर बधाई प्रेषित कीं।

